# University in News on 22 May 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### राज्यपाल करेंगी बायो डायवर्सिटी इंडेक्स का लोकार्पण

लखनऊ। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से किए गए सर्वेक्षण के आधार पर लखनऊ के बायो डायवर्सिटी इंडेक्स का लोकार्पण करेंगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित अंतर राष्ट्रीय इ-सिम्पोसिया का भी दोपहर 12 बजे उद्घाटन करेंगी। इसमें अमेरिका, जापान, दक्षिण अफ्रीका और युएई समेत कई देशों से वक्ता भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम का विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यपाल ई-माध्यम से विवि के महिला सामुदायिक प्रसाधन केंद्र का शिलान्यास भी करेंगी। जिसके लिए उन्होंने आर्थिक सहायता दी है। साथ ही विश्वविद्यालय के न्यूजलेटर द कोरस के इंटरैक्टिव स्पेशल कोविड-19 अंक का विमोचन भी करेंगी।

### एप से कर रहे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

लखनऊ। कोरोना से बचाव के लिए प्रदेश सरकार ने आयुष कवच एप विकसित किया है। इसमें भारतीय चिकित्सा पद्धतियों द्वारा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की जानकारी दी जाती है। शासन के निर्देश पर लखनऊ विश्वविद्यालय के योग संस्थान के शिक्षक डॉ. अमरजीत यादव द्वारा योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का निर्माण किया गया है। जो प्रतिदिन इस एप के लाइव योग सेशन में प्रसारित किया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि योग का कार्यक्रम इस प्रकार बनाया गया है कि समाज के सभी वर्ग के लोग इससे पसंद कर रहे हैं।

## NBT Page 4

### 5 लाख ने डाउनलोड किया आयुष कवच ऐप

■ एनबीटी,लखनऊ: आयुष विभाग उप्र शासन की ओर से एलयू में आयुष कवच ऐप बनाया गया है। इस ऐप में एलयू के मानव चेतना एवं योगिक विज्ञान संस्थान के शिक्षक डॉ. अमरजीत यादव ने योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम बनाए हैं। इसमें बुजुर्गों के लिए योग, डायबीटिक मरीजों के लिए योगाभ्यास, उच्च रक्तचाप और योग, दमा प्रबंधन के लिए योग, युवाओं के लिए योग, डिप्रेशन प्रबंधन के लिए योग, मोटापा प्रबंधन के लिए योग, गर्भावस्था में योगाभ्यास, स्ट्रेस प्रबंधन के लिए योग, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस के लिए योग कार्यक्रम हैं। इनके साथ ही योगासनों का शरीर पर प्रभाव, योगाभ्यास की सावधानियां, कमर दर्द में योग, जैसे कार्यक्रम भी हैं आयुष कवच ऐप अब तक करीब पांच लाख लोग डाउनलोड कर चुके हैं।

## HINDUSTAN Page 4

### एलयू: लॉ में गरीब सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण

**मंजूरी**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय और उसके सभी सहयुक्त विधि महाविद्यालयों में इस सत्र से 10 प्रतिशत सीटों पर गरीब सवर्णों को आरक्षण का लाभ मिलेगा।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया की मंजूरी के बाद इसका रास्ता साफ हो गया है। इसके चलते अतिरिक्त सीटें भी जोड़ी जाएंगी। लविवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बार काउंसिल ने विवि के प्रस्तावों पर विचार कर सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। शहर में विधि के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले करीब 20 महाविद्यालय हैं। इन सभी में आरक्षण को लागू किया जाएगा।

## i-NEXT Page 4

### लॉ कोर्सेस में सवर्ण आरक्षण का लाभ

लखनऊ यूनिवर्सिटी व संबद्ध डिग्री कॉलेजों में लॉ के सभी कोर्सेस में इस सेशन से आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों को सीटें बढ़ा कर आरक्षण का लाभ दिया जाएगा. बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने एलयू को इसकी मंजूरी दे दी है. एलयू के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बार काउंसिल ने सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है. बीसीआई ने बीते वर्ष एलयू व डिग्री कॉलेजों में मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को आधार पर सीटें बढ़ाने से मना कर दिया था. बीसीआई की मंजूरी मिलने के बाद एलयू और सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में लॉ फाइव इयर, एलएलबी और एलएलएम सहित लॉ के सभी कोर्सेस में करीब पांच सौ से अधिक सीटें बढ़ने का अनुमान है.

## PIONEER Page 4

### लॉ कोर्सेस में इस बार आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को मिलेगा आरक्षण

लखनऊ। लॉ कोर्सेज संचालित कर रहे डिग्री कॉलेजों सहित लखनऊ विश्वविद्यालय में इस बार आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को दाखिले में आरक्षण का लाभ मिलेगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने लखनऊ विश्वविद्यालय को लॉ में ईडब्ल्यूएस की सीटें बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय स्तर पर पिछले सत्र में 20 सीट बढ़ाने का प्रस्ताव बीसीआई को भेजा गया था लेकिन बार काउंसिल ऑफइंडिया ने सीट बढ़ाने का प्रस्ताव संसाधनों के न होने की बात कहकर खारिज कर दिया था।

अगले सत्र में एलएलबी फाइव ईयर इंटीग्रेटेड कोर्स, एलएलबी थर्ड ईयर कोर्स और एलएलएम कोर्स में दाखिले के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों को 10 फीसदी अधिक सीटों पर प्रवेश मिलेगा। एलयू के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बार काउंसिल ने हमारे प्रस्तावों पर विचार करने करने के बाद सीटें बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।